तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

10 द ग्रैमेरियंस टीम प्रथम व लैंग्वेज लवर्स द्वितीय



10 छात्राओं ने शॉटपुट प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर जींद के आयुष्मान पैनल के सभी अस्पतालों ने लिया निर्णय

# आयुष्मान कार्ड पर उपचार बंद, जींद के निजी अस्पतालों में रोजाना होते थे अस्सी आपरेशन, अब बढ़ेगी परेशानी

### प्राइवेट अस्पतालों में बकाया राशि को लेकर चल रही हड़ताल, जींद में 37 सरकारी तो 19 निजी अस्पताल पैनल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए)के आह्वान पर जींद जिले के आयुष्मान पैनल के सभी अस्पतालों ने गुरूवार को आयुष्मान कार्ड का काम पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। जिससे आमजन की परेशानी बढ़ गई है। जींद में कुल 37 अस्पताल सरकारी तथा 19 निजी अस्पताल आयुष्मान पैनल पर हैं। इन निजी अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग 80 आप्रेशन व अन्य ओपीडी होती है। जिला में डेढ़ लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान व चिरायु कार्ड भी बने हुए हैं। अब निजी अस्पतालों ने करोड़ों रुपये का बकाया सरकार की तरफ होने के चलते उपचार के लिए अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में अब लोगों को समझ नही आ रहा है कि सरकार के आयुष्मान का कार्ड का लाभ किस तरह उठाया जाए। वहीं निजी चिकित्सकों का कहना है कि जब तक भुगतान नही किया जाता है, आयुषमान पैनल पर अस्पताल काम नही करेंगे। किसी तरह के आप्रेशन नही किए जाएंगे। जींद के अस्पतालों के करोड़ों बकायाः आईएमए के पूर्व प्रधान डा. सुशील ममंगला ने बताया कि निजी अस्पतालों का पूरे हरियाणा का मिला कर करोड़ों रुपये का सरकार पर बकाया है। जबकि जींद के अस्पतालों का लगभग दस करोड़ है। जो कि पिछले काफी समय से भुगतान नही किया गया है। भुगतान समय पर नही मिल पाने के चलते निजी अस्पतालों पर भी आर्थिक संकट आ गया है। हालांकि सरकार ने 2300 करोड़ का भुगतान किया है लेकिन यह नाकाफी है। एक समस्या पहले से तय किए गए रेट के बावजूद बेवजह कटौती को लेकर भी है।

इस बार की समस्या तो इतनी विकट हो चुकी है कि ज़्यादातर अस्पताल कर्ज में डूब गए हैं। पिछले छह साल से मरीजों के इलाज का रेट भी सरकार द्वारा बढ़ाया नहीं गया है, जबकि महंगाई के कारण इलाज का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अस्पतालों की ऐसी मजबूरियां हो गई हैं वे पुराने रेट पर इलाज कर पाने में सक्षम महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में इन परिस्थितियों में मरीजों की असुविधा के लिए अस्पतालों को खेद भी है। नही हुए आप्रेशन तो भटके लोग : जिला में आयुष्मान पैनल वाले निजी अस्पतालों में आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों के आप्रेशन नही हुए तो वो इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारक निजी अस्पतालों में पहुंचे तो लेकिन उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उपचार न किए जाने को लेकर चिकित्सकों ने खेद भी प्रकट किया। आईएमए जींद के प्रधान डा. अनिल जैन ने बताया कि जिले के विभिन्न अस्पताल पिछले कुछ वर्षों से सरकार द्वारा जनता को उपलब्ध करवाई गई आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान भारत के पैनल वाले अस्पताल अपने-अपने अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अस्पतालों में बिलों में भारी कटौती, देरी से भुगतान, नई योजनाओं का कार्यान्वयन न होना, डॉक्टर्स से परामर्श किए बिना चिरायु और चिरायु विस्तार को शामिल करना जैसी अनेक समस्याएं आ रही हैं।



जींद। आयुष्मान पैनल अस्पताल में आपरेशन सुविधा बंद होने के चलते लगी भीड़। फोटो :हरिभूमि

#### मरीजों की संख्या बढ़ी : सीएमओ

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि नागरिक अस्पताल में सभी मरीजों की ओपीडी करवाई गई है। निजी अस्पताल संचालकों की हड़ताल के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है लेकिन सभी को बेहतर उपचार दिया गया। कोई गंभीर मरीज अस्पताल में नहीं आया। जिसको आपरेशन की जरूरत महसूस हुई हो।

#### करोड़ों रुपये के बिल पैंडिंग

करोड़ों रुपये की राशि के बिल आयुष्मान के तहत सरकार के पास पैंडिंग हैं। ऐसे में डॉक्टर्स के लिए अपने पास से मरीजों को लगातार सुविधा मुहैया करवाना मुश्किल हो गया है। समस्या को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन समाधान नही हुआ है। इसलिए अब मजबूरीवश आईएमए हरियाणा के बैनर तले आयुष्मान सूचीबद्ध निजी अस्पतालों ने मंगलवार से इस योजना के तहत काम बंद करने का फैसला लिया है।

#### जींदः आयुष्मान पैनल के सरकारी अस्पताल

1. नागरिक अस्पताल जींद
2. नागरिक अस्पताल नरवाना।
3. नागरिक अस्पताल सफीदों।
4. नागरिक अस्पताल उचाना।
5. सीएचसी अलेवा।
6. सीएचसी जींद।
7. सीएचसी खरकरामजी।
8. सीएचसी उझाना।
9. सीएचसी कालवा।
10. सीएचसी जुलाना।
11. सीएचसी कंडेला।

पैनल के निजी अस्पताल

12. मीनीक्षा जैन अस्पताल।
13. गोयल हड्डियों का अस्पताल।
14. यूरो केयर अस्पताल।
15. मित्तल आई अस्पताल।
16. शर्मा आई अस्पताल।
17. मेट्रो जींद अस्पताल।
18. बाल धर्मार्थ अस्पताल।
19. सर्वोदय अस्पताल।
20. आस्था अस्पताल।
21. जींद हर्ट अस्पताल।
22. नारायणा अस्पताल।
23. ऑस्कर हर्ट अस्पताल।
24. श्री ज्ञानीराम अस्पताल।
25. सरस्वती आई केयर सेंटर।
26. मंगला अस्पताल।
27. आस्था अस्पताल।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने एक युवक को काबू कर कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव मुआना के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### चिकित्सक हत्याकांड में एक महिला गिरफ्तार

जींद। सफीदों में लगभग एक पखवाडा पहले निजी चिकित्सक की चाकू से गोद कर हत्या करने के मामले शहर थाना सफीदों पुलिस ने आरोपित की महिला दोस्त हो गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है। गांव मुआना निवासी शिव कुमार ने गत 24 जुलाई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा डा. विकास सफीदों में निजी अस्पताल चलाता था।

### ओम नगर से मां व बेटी संदिग्ध हालात में लापता

जींद। ओम नगर से मां व बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 31 जुलाई को उसकी पत्नी तथा बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी तथा बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैथल। कलायत क्षेत्र से एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला पानीपत के गांव राजापुर निवासी गुरपेज सिंह उर्फ पेजा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव हाट से युवती के गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हाट निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच अगस्त को उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 100% उपस्थिति के लिए प्रधानाचार्या सम्मानित

पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल, फतेहपुर की प्रधानाचार्या प्रवीन ढिल्लों को उनके अनुकरणीय कार्य, निष्ठा और अनुशासन के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें लगातार 2 वर्षों तक बिना एक भी दिन का अवकाश लिए 100 % उपस्थिति दर्ज करने पर दिया गया है, जो वर्तमान समय में अत्यंत दुर्लभ उपलब्धि मानी जाती है।

### केवाईसी अपडेट के नाम पर 1.45 लाख रुपये ठगे

कैथल। कैथल में साइबर ठगों द्वारा एक युवक से केवाईसी अपडेट करने के नाम पर 1.45 लाख रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। खुराना रोड निवासी संदीप कुमार ने साइबर क्राइम थाना में दी शिकायत में बताया कि वह कारपेंटर का कार्य करता है। उसके पास एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और आरबीएल बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 22 जुलाई 2025 को उसके पास एक फोन आया था।

### दहेज-हत्या के जुर्म में 13 साल का कारावास

जींद। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा ने दहेज हत्या के जुर्म में दोषी पति को 13 साल का कारावास तथा 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव राम नगर निवासी विक्की की पत्नी ज्योति (25) की 26 अप्रैल 2021 को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई थी। मृतका आठ माह की गर्भवती थी। मृतका के पिता गांव धनौली करनाल निवासी राम किशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी ज्योति की शादी एक साल पहले गांव राम नगर निवासी विक्की के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विक्की उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। आरोप लगाया था कि दहेज की डिमांड पूरी न होने पर विक्की ने उसकी बेटी की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने रामकिशन की शिकायत पर विक्की के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत मे विचाराधीन था।

## पूर्व सरपंच का शव खेत में फंदे पर लटकता मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हाडवा में संदिग्ध हालात के चलते पूर्व सरपच ने फंदा लगा आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। हाडवा का पूर्व सरपंच संजय (45) बीती रात खेत में फंदे पर लटकता देखा गया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन तथा पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि संजय कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसी परेशानी के चलते उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार ने बताया कि परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## उपायुक्त ने पेगां गांव की सरपंच को किया सस्पेंड

- सरपंच पर शामलात भूमि की पट्टा राशि को देरी से जमा कराने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमराज रजा ने पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी को शामलात भूमि की पट्टा राशि को देरी से जमा कराने के मामले में सस्पेंड कर दिया है। इस दौरान एसडीएम उचाना को पंचायत का चार्ज बहुमत वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए हैं ताकि गांव के विकास कार्यो में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पेगां गांव के ग्राम सचिव ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को सौंपी रिर्पोट में बताया था कि पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी ने शामलात भूमि की कुल पट्टा राशि 16 लाख 81 हजार 300 रूपये में से नौ लाख 76 हजार रुपये की राशि पंचायत खाते में जमा नहीं करवाई है। सरपंच को बार-बार पत्र जारी करने तथा मौखिक आदेश देने के बाद भी शामलात भूमि की पट्टा राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं करवाई गई। मामले को लेकर बीडीपीओ अलेवा ने सरपंच के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा था। उसके बाद जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करके सरपंच को बुलाया गया। निजी सुनवाई के दौरान सरपंच ने बताया कि 18 और 19 मार्च को 45-45 हजार तथा 15 अप्रैल को पांच लाख 72 हजार रुपये जमा करवा दिए। जबकि बीडीपीओ अलेवा की रिर्पोट के अनुसार सात लाख पांच हजार रुपये बकाया हैं। इसके बाद बीडीपीओ अलेवा ने मौखिक रूप से ग्राम पंचायत पेगां को 21 प्रतिशत राशि ब्याज सहित राशि जमा करवाने के निर्देश दिए।

#### कमिश्नर से की जाएगी अपीलः सरपंच



गांव पेगां की सरपंच रतनी देवी ने बताया कि 2023-24 में यह शामलाती भूमि की बोली नौ लाख 45 हजार रूपये से भी कम थी। साल 2024-25 में पंचायत ने 43 प्रतिशत इजाफे के साथ 16 लाख 81 हजार 300 रुपये कर दी। शामलात भूमि की बोली अप्रैल महीने में होती है और उस समय किसान के पास रुपया नही होता। जबकि नियम कहता है कि बोली के 24 घंटे के अंदर रुपये जमा करवाएं अन्यथा किसान की सिक्योरिटी जब्त हो जाती है। जिसमें एक मामले में पंचायत को एक लाख 15 हजार रूपये का नुकसान हो भी चुका है। उनके द्वारा तो पंचायत को किसी प्रकार का नुकसान नही होने दिया। क्योंकि 21 प्रतिशत ब्याज सहित रूपये जमा करवा चुकी हूं। यह सब राजनीतिक कारणों के चलते टारगेट किया गया है। कमिशनर से अपील की जाएगी। अलेवा ब्लाक में एक भी पंचायत ऐसी नही जिसने 24 घंटे में बोली के रुपये जमा करवाए हों। अगर ऐसा पाया गया तो जो प्रशासन सजा देगा उससे मंजूर है।





नरवाना। जांच करते डीआरएम। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे डीआरएम ने लिया जायजा

नरवाना। उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेन्द्र रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहे हैं उनके निरिक्षण के लिए नरवाना के रेलवे स्टेशन पर पहुंचे उनके साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उनके साथ रहे। स्थानीय लोगों ने उनके सामने अपनी समस्याएं रखीं जिनको उन्होंने ध्यान पूर्वक सुना और उचित हल निकालने का आश्वासन दिया। एन आर एम यू के लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं जिनको उन्होंने सुन कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उसके बाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक रंधीर सिंह व अन्य कर्मचारियों से बैठक कर चल रहें निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। कुछ लोगों ने रेलवे स्टेशन के बाहर ठेकेदार द्वारा पेड़ों की अवैध कटाई के बारे में भी अवगत करवायाए जिसके बारे में उन्होंने कहा कि वो जांच कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## कैथलः आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- बदतमीजी उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ करेंगे जोरदार अनंदोलनः महेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक कमेटी कैथल ने 11 से 12 तक नगर परिषद कैथल के गेट पर धरना-प्रदर्शन करके जिला अयुक्त कैथल व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जोरदार नारे बाजी की जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की तथा संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन मे बलोक के सभी पद अधिकारी सफाई दारोगा व दफ्तर के सभी कच्चे-पक्के कर्मचरियो ने भाग लिया। संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस जिला प्रधान शिवचरण नपा जिला प्रधान गौरव टाँक ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान सचिव विक्की टांक ने कहा कि 1 अगस्त को जिला पालिका आयुक्त महोदय निरीक्षण के लिए 9:15 बजे नप कैथल आये थे और उन्होंने नगर परिषद के दोनो मुख्य गेट 9:45 तक बन्द करा दिए जिससे जनता को भी असुविधा हुई ओर जो कर्मचारी अंदर थे और कुछ कर्मचारी गेट के बाहर दफ़्तर के कार्य के लिए गए थे, लेकिन कर्मचारियो का पक्ष सुने बिना 48 कर्मचारियो की गैर हाजरी कर दी।





कैथल। नारेबाजी करते नगर पालिका कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



राजौंद। विजेता टीम के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य व प्रधानाचार्य।

### हाई जंप में शकीना प्रथम

राजौंद। गांव किठाना के स्वामी सीताराम कन्या विद्यालय की छात्राओं ने ब्लाक स्तरीय खेलों में खेलों में दिखाया दम। गांव रोहेड़ा स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय खेलो में स्वामी सीताराम कन्या स्कूल किठाना के 10कक्षा की छात्रा शकीना ने हाई जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया व 800 मीटर रेस में प्रीति ने दूसरा और हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर 17 और अंडर 19 में वॉक रेस में प्रीति तथा स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 में खो खो की टीम ने सरकारी स्कूल किठाना और गौरव स्कूल रोहेड़ा की टीम को हराकर ब्लॉक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान खो खो टीम की सदस्य सिमरन, मिष्ठी, जानवी, जसवींन, मनु,अवनी, रिया, सुनैना, माफी, कृति, वंदना, प्रीत रही।

### महिलाओं को बस में फ्री सफर की सुविधा आज से

जींद। रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज विभाग की तरफ से महिलाओं को निशुल्क बस में सफर करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। महिलाओं के साथ 15 साल तक के बच्चे भी निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। यह सुविधा आठ अगस्त दोपहर 12 बजे से लेकर नौ अगस्त को रात 12 बजे तक रहेगी। रोडवेज जींद डिपो में लगभग 168 रोडवेज बस हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। वहीं प्राइवेट बसों में भी महिला यात्रियों और उनके 15 साल तक के बच्चों के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी। जींद जिले में अंसध, हांसी, पानीपत, नरवाना जैसे लोकल रूट पर प्राइवेट बस दौड़ रही हैं। प्रत्येक वर्ष रोडवेज विभाग की तरफ से रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए निशुल्क बस चलाई जाती हैं। इस बार भी निशुल्क बस सुविधा रहेगी।

### विधायक ने हाबड़ी व पाई के स्कूल में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## राजकीय स्कूलों को चकाचक बनाना सरकार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हलका विधायक सतपाल जांबा ने मंगलवार को गांव हाबड़ी व पाई के स्कूलों में 1.52 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। यह सभी कार्य मुख्यमंत्री द्वारा पूंडरी आगमन के दौरान शिक्षा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 5 करोड़ की ग्रांट के तहत करवाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन गांव हाबड़ी स्थित पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया , जहां विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाना है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वच्छ वातावरण मिल सके। विधायक जांबा ने बताया कि इस ग्रांट से पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाबड़ी में 26.50 लाख रुपए से 3 कमरों का निर्माण, 1 लाख रुपए से बिल्डिंग पर पेंट, 14.50 लाख रुपए से 10 कमरों की रिपेयर, 8.20 लाख रुपए से स्कूल के रास्ते पर पावर ब्लॉक, कन्या हाई स्कूल में 9.06 लाख रुपए से बाउंड्री वॉल निर्माण, कन्या प्राइमरी स्कूल में 6 लाख रुपए से 6 कमरों की रिपेयर की जाएगी। इसके अलावा गांव पाई के पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 26.50 लाख रुपए से 3 कमरों का निर्माण, 16 लाख रुपए से 16 कमरों की रिपेयर, 50 हजार रुपए से बिल्डिंग पर पेंट, 3.70 लाख रुपए से रास्ते में पावर ब्लॉक, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में 12 लाख रुपए से 12 कमरों की रिपेयर, 1.62 लाख रुपए से पेंटिंग कार्य, गवर्नमेंट गर्ल प्राइमरी स्कूल में 2.90 लाख रुपए से शौचालय निर्माण, 11 लाख रुपए से 11 कमरों की रिपेयर, 6.47 लाख रुपए से बाउंड्री वॉल निर्माण किया जाएगा। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का कायाकल्प होगा और विद्यार्थियों को एक साफ-सुथरा, सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा माहौल मिलेगा।



पूंडरी। हाबड़ी में स्कूल कमरों का शिलान्यास करते विधायक सतपाल जांबा।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 80 लाख रुपये हड़पे

जींद। विदेश भेजने का झांसा देकर 80 लाख हडपने तथा फर्जी एयर टिकट भेजने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव कापडो निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना में अपना कार्यालय चलाता था। गांव का अंदीप हाल इंडोनेशिया से उसकी पुरानी जान पहचान से रही है। अंदीप ने उसे फोन पर बताया कि वह दुबई में इमीग्रेशन का कार्य करता है। उनका रिश्तेदार गांव चैनत हाल इंडोनेशिया में जापान तथा इडोनेशिया का इमीग्रेशन का कार्य देखता है। जबकि महाबीर के चचेरे भाई अंकित तथा विजेंद्र हिसार में इमीग्रेशन का काम देखते हैं। अंदीप ने कहा कि वह तथा उसका कोई जानकार व रिश्तेदार विदेश जाना चाहता हो तो बता देना। वह जल्द ही भारत आने वाला है। यहां पर भी अपना सेट अप तैयार कर कारोबार करेगा। वर्ष 2022 मे अंदीप रात को तीन- चार अन्य को लेकर उसके पास आया और कहा कि तमौर लल्टी की नागरिकता दिला दूंगा।

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जींद।** एबीवीपी सीआरएसयू इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि कॉलेज में पढ़ रहे सभी नॉन एनईपी कोर्स में यूजी 2, 4, 6 सेमेस्टर और विवि और कॉलेज में पढ़ रहे सभी नॉन एनईपी विद्यार्थियों को पीजी 2, 4 सेमेस्टर की स्पेशल चांस की परीक्षा कराई जाए। क्योंकि विद्यार्थियों के हित अखिल विद्यार्थी परिषद में पिछले साल भी मांग की थी। जिसको गत वर्ष भी माना गया था। क्योंकि कुछ विद्यार्थी कुछ विषयों में किसी कारणवश पास नहीं हो सके तो उनका एक साल खराब हो जाएगा।

### रामराय स्कूल ने जीता स्वर्ण और रजत पदक

**जींद।** रोयल स्पोर्ट्स अकादमी पिंडारा जींद में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली दौड़ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराय की टीम ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते। ये दोनों ही पदक पोकरीखेड़ी की लड़की साक्षी ढुल ने हासिल किए। साक्षी की इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यापकों ने बधाई दी और कहा कि इस लड़की की मेहनत रंग लाई है।

### प्रतिनिधिमंडल ने वीसी को सौंपा मांगपत्र

**जींद।** सीआरएसयू में स्वतंत्र यूथ फ्रंट और डीएसएफआई के प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विवि के वीसी से औपचारिक रूप से मुलाकात की। संगठन ने वर्तमान में विवि में चल रही पार्ट टाइम शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में संवैधानिक आरक्षण (रोस्टर) प्रणाली को लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन के प्रतिनिधियों ने कुलपति के समक्ष यह मुद्दा रखा कि भर्ती प्रक्रिया में एससी, डीएससी, एसटीए ओबीसी और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### पीएनबी में 38 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा आरसेटी जींद में चलाए जा रहे 38 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 34 प्रशिक्षणार्थियों ने कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग (टैली) का प्रशिक्षण सद्बक्तलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी अपना काम शुरु करके या कही नौकरी कर परिवार की आय बढ़ाने व अपने परिवार की जीवन शैली में सुधार करने का काम करेंगे।

### सुखी रहने के लिए आशावादी बनो

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर संस्था के कार्यालय में गायत्री यज्ञ के बाद अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में खोने.पाने का सिलसिला सदैव चलता रहता है जिन्हें पाने की खुशी मनाने की आदत नहीं और जो खो गया उसी के बारे में पश्चाताप करते रहते हैं वे कभी भी सुख से नहीं रह सकते। सुखी रहने के लिए आशावादी बनने की जरूरत है।

### 1933 पर कॉल कर दें ड्रग्स तस्करी की जानकारीः डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू की है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चलता है। कोई भी व्यक्ति इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करें

**जींद।** राज्य जैव विविधता बोर्ड जिला जींद कोऑर्डिनेटर विष्णु बागड़ी ने सभी महिलाओं से अपील की रक्षा बंधन पर बहन अपने भाई को पौधे उपहार में दें और उन्हें लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। विष्णु बागड़ी ने बताया राखी के पवित्र त्यौहार पर बहन अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है।

---

### नागरिक अस्पताल को डेपुटेशन पर मिला रेडियोलॉजिस्ट

# खुशखबरी : जल्द मिलेगी नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा

## पुरानी मशीन को कंडम कर नई मशीन को किया जाएगा इंस्टॉल

**अल्ट्रासाउंड न होने गर्भवती व आमजन को होती थी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जल्द ही लोगों को अब अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी उपलब्ध होगी। नागरिक अस्पताल को डेपुटेशन पर रेडियोलॉजिस्ट मिला है। जिसके चलते अस्पताल के पास मौजूद पुरानी मशीन को कंडम कर नई मशीन को इंस्टॉल करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अल्ट्रासाउंड के लिए नई बिल्डिंग में कमरा नंबर 21 का सुझाव रखा गया है।

सब कुछ ठीक रहा था तो सोमवार से अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो जाएगी। पिछले दस सालों से बंद हैं अल्ट्रासाउंड की सुविधा :नागरिक अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने के चलते अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले दस साल से बंद है। इसका कारण है कि नागरिक अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नही होना रहा। जिसके चलते मरीजों को परेशानी होती थी। लोगों को बाहर निजी रेडियोलॉजिस्ट से महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। इस पद को भरने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार उच्च अधिकारियों से रेडियोलॉजिस्ट के लिए पत्राचार कर रहा था लेकिन ऐसा संभव नही हो पा रहा था। 14 लाख की आबादी के जिले में किसी भी सरकारी अस्पताल में 10 साल से मरीजों के अल्ट्रासाउंड करने की सुविधा नही है। वर्ष 2016 में यहां से रेडियोलॉजी विशेषज्ञ का पद खाली पड़ा है। इससे पहले रेडियोलाजिस्ट डा. मंजूला डिप्टी सिविल सर्जन के पद पर कार्यरत थी लेकिन प्रशासनिक कार्य होने के चलते वह अल्ट्रासाउंड करने के लिए समय नहीं दे पाती थी। जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में कही भी अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नही है। रेडियोलॉजिस्टों के अभाव में जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का यही हाल है। जिसके चलते अस्पतालों में लाखों रुपये की कीमत की मशीनें धूल फांक रही हैं। विभाग ने इन सभी मशीनों को सील करके कमरों में बंद किया हुआ है। जिलभर में 500 मरीजों को रोजाना अल्ट्रासाउंड की जरूरत पड़ती है। सामान्य ओपीडी में आने वाले मरीजों को भी बाहर करवाने पड़ रहे अल्ट्रासाउंडः सामान्य ओपीडी में आने वाले मरीजों को भी अल्ट्रासाउंड के लिए बाहर जाना पड़ता है और 600 से 800 रुपये तक भुगतान करना पड़ता है। अस्पताल में दाखिल मरीजों को भी अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए बाहर भेजना पड़ता है। इससे अतिरिक्त खर्च के साथ ही मानसिक और शारीरिक परेशानी भी मरीज को झेलनी पड़ती है।



जींद। वह कमरा जिसमें अल्ट्रासाउंड मशीन रखने का सुझाव रखा है।

**कल तक प्रारंभ होने की उम्मीद : सीएमओ**

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली होने के कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा था। इसके लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार भी किया गया। अब जींद को डेपुटेशन पर रेडियोलॉजिस्ट मिला है। उम्मीद है कि सोमवार तक अल्ट्रासाउंड शुरू हो जाएंगे।

**सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को**

नागरिक अस्पताल के प्रसूति वार्ड में रोजाना औसतन 250 से ज्यादा महिलाओं की ओपीडी होती है। इनमें से करीब 50 गर्भवतियों को किसी न किसी तरह की परेशानी होने पर अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लिखा जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए निजी अस्पतालों को पैनल पर लिया हुआ है। यहां महिलाओं को परेशानी का सामना करके जाना पड़ता है।

---

# वार्षिक महोत्सव को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समस्त जिंदल गोत्र का मूल स्थान लजवाना कलां जहां पर श्री दादी सती महारानी कल्याणी का एक भव्य सिद्ध पीठ मंदिर निर्माणाधीन है। जिसमें हर वर्ष भव्य कार्यक्रम होते रहते हैं। उसी के अंतर्गत आज एक मीटिंग दादी धाम पर विजय जिंदल फरीदाबाद वालों की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें आने वाली 22 व 23 अगस्त को भादो अमावस के वार्षिक महोत्सव के बारे में विचार विमर्श किया गया। जिंदल ने बताया कि इस वर्ष यह महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जो कि एक ऐतिहासिक महोत्सव होगा। उस कार्यक्रम को सुंदर बनाने के लिए हमने तैयारियां शुरू कर दी है। श्याम बिहारी जिंदल जींद ने बताया की हर वर्ष इस कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य व्यक्ति आते हैं और इस वर्ष भी हिसार से जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल एवं अन्य कई प्रमुख व्यक्ति आने की संभावना है। भीम जिंदल दिल्ली, हरिओम जिंदल दिल्ली ने बताया कि ये कार्यक्रम एक बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मुंबई, अहमदाबाद आदि जगह से कई हजार दादी भक्तों के आने की उम्मीद है। 22 अगस्त को सुबह झंडा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर जुलाना से प्रारंभ होकर दादी धाम पर पहुंचेगी। उसके बाद विशेष आकर्षण के रूप में दादी का श्रृंगार दोपहर दो बजे किया जाएगा। सायं सात बजे भंडारा और उसके बाद दादी जी कीर्तन जगदम्बा संकीर्तन भजन मंडली गोहाना वाले करेंगे। शनिवार 23 अगस्त को मंगला आरती प्रातः पांच बजे, श्रृंगार आरती प्रातः छह बजे, अमावस्या पूजा प्रातः सात बजे हवन, कन्या पूजन, दादी गुणगान एवं भंडारा विशेष रूप से रहेगा।





जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## रक्षाबंधन पर्व का भव्य आयोजन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल सैपलिंग शाखा के प्रांगण में भारतीय संस्कृति और परंपरा को समर्पित रक्षाबंधन पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन विद्यालय की गतिविधि प्रभारी पूजा पसरीजा के मार्गदर्शन में हुआ। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पारंपरिक मूल्योंए प्रेम समर्पण और सामाजिक सद्भावना की भावना का संचार करना था। विद्यालय प्रांगण को रंगोली, सजावटी फूलों, रंग-बिरंगे पोस्टर्स तथा बंधुत्व को दर्शाते सुंदर नारों से सजाया गया था। छात्राओं ने स्वनिर्मित राखियों से अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर पारंपरिक रीतियों के साथ भाई, बहन के इस अटूट रिश्ते को सजीव किया। रक्षासूत्र बांधते समय छात्राओं ने पारंपरिक श्लोक और मंत्र उच्चारित किए जिससे वातावरण में सांस्कृतिक उल्लास और आध्यात्मिकता की गरिमा बनी रही। कुछ विद्यार्थियों ने राखी के महत्व पर भावनात्मक कविताएं और लघु नाटक प्रस्तुत किए।

### जुलाई में 90 आरोपि दबोचे,भारी मात्रा में नशे का जखीरा बरामद

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह की की दूरदर्शी सोच, सशक्त नेतृत्व एवं जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चला कर अपराधियों की कमर तोड़ दी है। जुलाई माह तक की कार्रवाई में नशा तस्करी के नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार करते हुए पुलिस ने अपराधियों की नींद उड़ा दी। इस संगठित अभियान के अंतर्गत आज तक 56 मुकद्मे दर्ज किए गए हैं। 90 शातिर तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। मादक पदार्थों की विशाल खेप बरामद की गई है। जिसमें भारी मात्रा में नशीला पदार्थ अफीम 20 किलो 610 ग्राम, अफीम के पौधे 4 किलो 110 ग्राम, हीरोइन 195 ग्राम 6 मिलीग्राम, डोडा पोस्त 185 किलो 220 ग्राम, चरस सात किलो 970 ग्राम, स्मैक 97 ग्राम 153 मिलीग्राम, गांजा 101 किलो 347 ग्राम, नशे की 11,366 गोलियां तथा नशीले 1,787 इंजेक्शन बरामद किया गया है।

---

### टीबी मरीजों को वितरित की पोषण किट

**जींद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला जींद में टीबी के इलाज पर चल रहे टीबी मरीजों को पोषण कीट वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जींद के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, नागरिक अस्पताल के विशेषज्ञों द्वारा 11 टीबी मरीजों को पोषण कीट देकर उन्हें टीबी रोग से लडने में पोषणयुक्त आहार सहायतार्थ वितरित किया गया। जोकि एक सराहनीय कदम है। जिले में सार्थक विश्लेषण कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्यालय से आए उच्च अधिकारियों के सम्मुख जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेके मान द्वारा वहां उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी से जल्द निदान हेतु सभी से सहयोग का संकल्प करवाया गया था। इसी कड़ी में बुधवार को जिला क्षय रोग केंद्र में डा. जेके मान, डा. पालेराम, डा. राजेश भोला, डा. अरविंद, डा. रघुबीर पूनिया, डा. कर्मवीर, डा. मंजू ने स्वयं मरीजों को गोद लेते हुए पोषण कीट वितरित की।



जींद। टीबी रोगियों को गोद लेते स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



अलेवा। नगूरां में लोगों के रक्त के नमूने लेती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### 49 लोगों के लिए रक्त के नमूने

**अलेवा।** उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार अगस्त महीने में रेपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे, टायर व छत पर पड़े कबाड़ की जांच के अलावा नुक्कड़ सभाएं कर पंपलेट बांट रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, कालेजों, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दे रही है। स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार लोगों के घरों के कोने-कोने तक पहुंच कर होदी, कूलर, टंकी आदि में टेमीफोस नामक कीटनाशक दवाई डाल रही है, जोकि मच्छरों के लारवा के नियंत्रण के लिए काफी प्रभावी है। इसके अलावा गांव में गंदी नालियों में काला तेल व डीजल भी डाला जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में बढ़ रहे डेंगू मलेरिया के लारवा को नष्ट किया जा सके।

### डीसी ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए नागरिकों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि प्रशासन जनहित में सदैव तत्पर है तथा नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाएं प्राप्त हो रही हैंए जिससे जनता को राहत मिल रही है। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में आय संबंधित त्रुटिया, राशन कार्ड कटनेए बिजली बिल अधिक आने, पुलिस, राजस्व, शिक्षा, पेंशन और पंचायत विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। गांव कलावती के धर्मेंद्र ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने की मांग रखी। जबकि रोहतक रोड निवासी अनीता ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत प्रस्तुत की।



जींद। शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। परिचय सम्मेलन की जानकारी देते प्रधान राजकुमार गोयल।

### परिचय सम्मेलन को लेकर नुक्कड़ सभा

**जींद।** आगामी सात सितंबर को जींद में होने वाले परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा नुक्कड़ सभाओं का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में पटियाला चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसका आयोजन अग्रवाल जागरूक एकता मंच के अध्यक्ष बीएस गर्ग द्वारा किया गया। इन नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से विवाह योग्य प्रत्याशियों व उनके अभिभावकों को परिचय सम्मेलन की महता से अवगत करवाया जा रहा है। उन्हें ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संबोधन में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में विवाह योग्य युवक व युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी का चयन एक जटिल चुनौती बनता जा रहा है। बदलती जीवनशैलीए आधुनिक व्यस्तता, सीमित सामाजिक मेलजोल और बढ़ती उम्र में विवाह की प्रवृत्ति ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे में परिचय सम्मेलन एक सशक्त और सकारात्मक समाधान बनकर उभरा है।

---



जींद। शिविर में जांच और पंजीकरण करते विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

## 17 दिव्यांगजनों के आवेदन भरे

**जींद।** दिव्यांगों को सहायक उपकरण दिलाने के लिए स्कोप चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वीरवार को मोहाल खेड़ा रोड स्थित स्कोप रिहैबिलिटेशन सेंटर पर दो दिवसीय दिव्यांग जांच एवं यूडीआईडी कार्ड शिविर शुरू हो गया। शिविर का शुभारंभ शिक्षाविद् एवं साइकोलॉजिस्ट डा. मनीष ने किया। इस मौके पर शिविर में 17 दिव्यांगजनों के आवेदन भरे गए। सत्यवान सिंह ने बताया कि दिव्यांगों के पुनर्वास के मद्देनजर शिविर में दिव्यांगों के दस्तावेजों के मूल्यांकन के बाद उनकी जरूरत अनुसार उपकरण जैसे श्रवण यंत्र, सीपी चेयर आदि उपलब्ध कराने के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। दिव्यांग को इसके लिए अपनी दो पासपोर्ट फोटो, फैमिली आईडी, आधार कार्ड, दिव्यागता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों के साथ आना होगा। शिविर में संस्था के सदस्य डा. राजेश्वर, अनूप सिंह, सुरजीत, अनूप कुमार, रमेश कुमार, राजकुमार, अर्चना आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने शॉटपुट प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा यसिका ने ब्लॉक स्तरीय शॉटपुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं नीतू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान अर्जित किया। दोनों छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय सदैव ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करता रहेगा। यशिका और नीतू हमारे लिए गर्व का विषय हैं। उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के खेल क्षेत्र में हो रहे प्रगति से स्पष्ट है कि विद्यार्थी सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हैं। प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यशिका और नीतू ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी संभव है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इन सफलताओं से न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ा है बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा स्थापित हुई है।



जींद। गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। राखी बांधते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## बच्चों ने बनाई सुंदर राखियां

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में बच्चों की रचनात्मक शक्ति के विकास के लिए विविध एक्टिविटीज का आयोजन किया गया। नर्सरी कक्षा से छठी कक्षा तक के बच्चे अपने-अपने घर से राखी बना कर लाए। सातवीं व आठवीं कक्षा के बच्चे सुंदर-सुंदर थालियां सजाकर लाए। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा रक्षाबंधन का पर्व भाई व बहन के अटूट प्रेम का पर्व है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं एवं भाई उनकी रक्षा का संकल्प करता है। प्रिंसीपल रीटा अरोड़ा ने पर्व की महत्ता एवं इतिहास का दिग्दर्शन करवाते हुए कहा कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा था।

---

### इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में प्रतियोगिता का आयोजन

# द ग्रैमेरियंस टीम प्रथम व लैंग्वेज लवर्स द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में भाषा दक्षता, तर्कशक्ति और टीम भावना को बढ़ावा देना था।

इसमें पहले दिन कक्षा छह के विद्यार्थियों ने खूब बढ़.चढ़ कर भाग लिया। इस दिन के प्रमुख राउंडस में शब्दकोश ज्ञान, ग्रामर चैलेंज, ईडियम आइडेंटीफिकेशन स्पेल वी और रैपिड फायर शामिल थे। जिसमें द ग्रैमेरियंस टीम ने प्रथम, द लैंग्वेज लवर्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन कक्षा सात का आयोजन भी उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। छात्रों ने अपने उत्तरों और टीमवर्क से सभी को प्रभावित किया। जिसमें द पोइटिक पायनियर्स ने प्रथम एवं द ग्रैमेरियंस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे और अंतिम दिन कक्षा आठ के छात्रों ने गंभीरता समझदारी और रचनात्मकता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट भागीदारी की। जिसमें द लिटरेरी लायंस ने प्रथम तथा पोयटिक पायनियर्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीनों दिनों में छात्रों की प्रस्तुतियां शानदार रहीं। क्विज प्रतियोगिता का संचालन ममता सहगल एवं जसमेर सिंह ने बहुत ही प्रभावी ढंग से किया। स्कोरिंग सीमा सिंधवानी ने की। कार्यक्रम में प्रवीन परूथी कोऑर्डिनेटर, इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन, डा. संजीव तायल डायरेक्टर और हेडमास्टर जेएस सारंग की उपस्थिति ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। डा. तायल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सोचनेए बोलने और भाषा को समझने की क्षमता को निखारती हैं। इंडस ग्लोबल एकेडमी का यह आयोजन विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास की दिशा में एक प्रभावी प्रयास रहा। तीन दिनों तक चली इस क्विज प्रतियोगिता ने न सिर्फ ज्ञान का आदान-प्रदान किया बल्कि विद्यार्थियों को टीमवर्क, आत्मविश्वास और सार्वजनिक मंच पर प्रस्तुत होने का अवसर भी प्रदान किया।




जींद। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। फोटो :हरिभूमि



हर घर तिरंगा अभियान के दौरान मौजूद जिला सलाहकार रणधीर मताना।

## स्वच्छता व जल संरक्षण का महत्व बताया

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से युवा संगठनों, ग्राम जल एवं सीवरेज समितिए ग्राम पंचायत व विद्यार्थियों को लेकर जिला में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग द्वारा स्टॉप डायरिया, जल संरक्षण व पानी की गुणवत्ता जांच के विषय में अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन भी करवाया जा रहा है। यह बात विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कही। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लोगो को स्वच्छता व जल संरक्षण के बारे में बताया जा रहा है और लोगों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पानी अमूल्य है, इसे बचाने का प्रयत्न करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को भी शुद्ध व स्वच्छ पानी मिल सके। जल बचाने के लिए भैंसों को नहलाने में, घर की साफ -सफाई करने में तथा गाड़ी को वॉश करने में हमें खुला पाइप का प्रयोग नहीं करके बाल्टी व मग का प्रयोग करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे लगाए गए। इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन में पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताया तथा आह्वान किया कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने घर व खेत में पौधारोपण करना चाहिए ताकि भविष्य के लिए मनुष्य को बीमारियों से बचा जा सके व शुद्ध हवा प्राप्त की जा सके।

### समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय सम्मेलन कोलकता में होगा

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का 30 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल संगठन के राज्य प्रधान प्रभु सिंह के नेतृत्व में 8 से 10 अगस्त तक कोलकाता में आयोजित होने वाले स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि शिक्षा, स्कूलों की दशा और शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुई संगोष्ठी

**कैथल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी शशि बाला ने तिरंगे के प्रति सम्मान तथा देश भक्ति की भावना जन-जन तक फैलाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया।

### नशा मुक्त हो जिला मुहिम के तहत किया जागरूक

कैथल। एसपी आस्था मोदी के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला" अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा कैथल के गांव उझाना, डोर, मिलकपुर, फिरोजपुर व दयोरा के शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर विद्यार्थियों सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि उसके पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। व इस अवसर पर पुलिस टीमों ने नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को काउंसलिंग कर इलाज करवाने के लिए भी प्रेरित किया तथा लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पड़ोस में नशा करने वाले या नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को गुप्त रूप से दें।

एडीसी की निगरानी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए टीमों का चयन

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बच्चों ने की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की निगरानी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए टीमों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हॉल में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अगुवाई में गठित कमेटी द्वारा किया गया। इस मौके पर विभिन्न स्कूल के बच्चों ने जहां देश भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी, वहीं विभिन्न संस्कृतियों की झलक भी देखने को मिली। विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ प्रस्तुतियां दी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के लिए विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा तैयारियां की जा रही थी। सभी बच्चों ने अच्छी प्रस्तुतियां दी, उनमें से बेहतरीन प्रस्तुतियों का चयन किया गया। जिनमें जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों का समूह गान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा के छात्राओं का हरियाणवी नृत्य, राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल की पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित कोरियोग्राफी, सिल्वर ऑक स्कूल के विद्यार्थियों का विभिन्न संस्कृतियों पर आधारित कोरियाग्राफी, आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देश के विभिन्न संस्कृतियों पर आधारित प्रस्तुति, नर नारायण सेवा समिति के बच्चों ने चकदे हरियाणा गीत पर देशभक्ति प्रस्तुति सहित सुपार्श्व जैन स्कूल की टीम की सेना व पुलिस को लेकर कोरियोग्राफी शामिल हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के समय सभी स्कूलों के ईंचार्ज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

चयन कमेटी के अध्यक्ष एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के समय सभी स्कूलों के ईंचार्ज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समारोह की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कहा। जो भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कमियां नजर आई, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास जारी रखने और प्रस्तुतियों में ओर अधिक निखार लाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को पुलिस लाइन मैदान में होगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में देशभक्ति सहित सामाजिक मूल्यों पर अच्छा संदेश देने का प्रयास किया जाए।



**गुहला-चीका।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटे बच्चे

- विभिन्न स्कूलों के बच्चें पूरी मेहनत से तैयारियां कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में स्कूली बच्चों में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा है। विभिन्न स्कूलों के बच्चें पूरी लग्न व मेहनत से तैयारियां कर रहे है। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका के ग्राउंड में मनाया जाएगा। इस समारोह की प्रशासनिक तौर पर तैयारियां चल रही है। इस समारोह में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों का निरंतर अभ्यास किया जा रहा है। विशेष थीम को लेकर सभी अभिभावक बच्चों की तैयारियां करवा रहे है। खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन को आकर्षित बनाने के लिए भवानी मंदिर चीका के सभागार में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रिहर्सल की जा रही है। देश भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका, इंडियन हाईटस इंटरनेशनल स्कूल चीका, जेवियर इंटरनेशनल अकैडमी चीका, ए.वी विद्या मंदिर चीका, एस.डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका, कोहिनूर इंटरनेशनल अकैडमी टटियाणा तथा सरदार प्रीतम सिंह मैमोरियल इंटरनेशनल स्कूल बदसुई के छात्र-छात्राएं निरंतर अभ्यास कर रहे है।

# देशभक्ति की भावना को जगाता है तिरंगा: डीसी

- हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स द्वारा निकाली तिरंगा जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे संविधान, स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक है। तिरंगा हमारे भीतर एक अद्भुत गर्व, एकता और देशभक्ति की भावना को जागृत करता है। सभी नागरिक तिरंगे का सम्मान करें और इसकी गरिमा बनाए रखें। सरकार तथा प्रशासन द्वारा जिला में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। सभी नागरिक इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें। डीसी प्रीति वीरवार को लघु सचिवालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स द्वारा तिरंगा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाने उपरांत बोल रहीं थीं। यह तिरंगा जागरूकता रैली लघु सचिवालय से नए बस स्टैंड होते हुए रेडक्रॉस कार्यालय में संपन्न हुई। तिरंगा रैली के दौरान हाथों में तिरंगा लिए हुए प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारे लगाए। यह झंडा हमें याद दिलाता है कि हम एक राष्ट्र, एक संस्कृति और एक उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें तिरंगे का अपने घर पर लहराने के साथ-साथ इसके सिद्धांत जैसे सच्चाई, भाईचारा, समर्पण और सेवा भाव को अपने जीवन में उतारना चाहिए। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस मौके पर जिला रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, डॉ. बीरबल दलाल आदि मौजूद रहे।

### तिरंगा भारत का गौरव, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का प्रतीक

डीसी प्रीति ने कहा कि तिरंगा भारत का गौरव, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि उन असंख्य बलिदानों की, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगे में तीन रंग होते हैं, जिसमें केसरियां रंग जो बलिदान, साहस और त्याग का प्रतीक है। सफेद रंग जो शांति, सच्चाई और ईमानदारी को दर्शाता है। हरा रंग जो समृद्धि, हरियाली और विकास का प्रतीक है। बीच में बना नीले रंग का अशोक चक्र जो न्याय, गति और धर्म का प्रतीक है।

# 13 अगस्त को कैथल विधानसभा में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा: लीला राम

- हजारों मोटरसाइकिल, ट्रैक्टरों और गाड़ियों के क़ाफ़िले लेकर आयेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** विधायक लीला राम कार्यकर्ताओं के साथ। फोटो : हरिभूमि

पूर्व विधायक लीलाराम ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। कैथल हल्के के चारों मंडल अध्यक्षों के साथ मीटिंग की मीटिंग में लीलाराम ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श के बाद तय किया कि 13 अगस्त को कैथल विधानसभा की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। हर बार की तरह इस बार भी भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में तिरंगा यात्राएं निकाल रही है और इसी कड़ी में हरियाणा में भी पार्टी ने तय किया है कि 10 अगस्त से 13 अगस्त के बीच में सभी मंडलों में और सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। लीलाराम ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा में सभी राजनीतिक दलों के लोग और शहर की सभी सामाजिक संस्थाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को शहर के सेक्टर 21 में जिमखाना क्लब के पास सभी लोग इकट्ठे होंगे और उसके बाद आरकेएसडी कॉलेज के पास से होते हुए अंबाला रोड, छोटूराम चौक, पेहवा चौक, से करनाल रोड होते हुए आईजी कॉलेज , जाट स्कूल के पास से सचिवालय होते हुए कुरुक्षेत्र रोड़ पर महाराजा पैलेस और फिर लाला चरण दास मार्ग पर पूर्व विधायक लीला राम के निवास पर समापन किया जाएगा ।



**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### खेलों में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत का दबदबा

**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के खेल मैदान में 1 अगस्त 2025 से 5 अगस्त 2025 तक आयोजित खंड स्तरीय अंडर 14 अंडर 17 में अंडर-19 खेलों में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत का दबदबा रहा। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने खेलों के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि खंड स्तर पर क्रिकेट की टीम अंडर 14 अंडर 19 प्रथम स्थान पर, हैंडबॉल की टीम अंडर 14 व अंडर 17 प्रथम स्थान पर, कबड्डी की टीम अंडर 17 द्वितीय स्थान पर, बास्केटबॉल की टीम अंडर 14 अंडर 17 प्रथम स्थान पर, योग अंडर 17 प्रथम स्थान पर, कुश्ती अंडर 14 प्रथम स्थान पर, रिले रेस अंडर 14 प्रथम स्थान पर व स्केटिंग अंडर 14 प्रथम स्थान पर रही और जानकारी देते हुए बताया कि हमारे विद्यालय के अर्णव का बैडमिंटन अंडर 17 मे जिला स्तर के लिए चयन हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर हुई खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया और कहा कि विद्यालय खेलों के लिए बच्चों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है हमेशा खेलों में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत अव्वल स्थान पर रहता है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के मंडल संयोजक नियुक्त हुए हिमांशु गोयल

- बैठक की अध्यक्षता भाजपा चंदाना गेट मण्डल अध्यक्ष गोपाल सैनी ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा चंदाना गेट मण्डल अध्यक्ष गोपाल सैनी ने की। इस बैठक में मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी /"हर घर तिरंगा - तिरंगा यात्रा/" एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी आशा रानी व नव-नियुक्त /"हर घर तिरंगा/" कार्यक्रम के चंदाना गेट मण्डल संयोजक हिमांशु गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मण्डल प्रभारी आशा रानी ने 10 से 13 अगस्त तक आयोजित की जाने वाली तिरंगा यात्रा एवं 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं जनसंपर्कपूर्ण बनाने हेतु दिशा-निर्देश दिए।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए।

### तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि देश का तिरंगा करोड़ों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने हँसते-हँसते अपने प्राणों की आहुति दे दी ताकि हम आजादी की साँस ले सकें। यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर शुरू हुआ यह अभियान, हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना को और भी मजबूत करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा वीरवार को जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली में भाग लेने उपरांत बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी विद्यार्थी और आमजन सक्रियता के साथ भाग लें, क्योंकि जब हम अपने घर पर तिरंगा फहराते हैं, तो यह हमें हमारी पहचान, हमारी विरासत और हमारे देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। आगामी 15 अगस्त तक हम सब अपने-अपने घरों, दुकानों और दफ्तरों पर तिरंगा फहराएं और इस गौरवशाली अभियान का हिस्सा बनें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सितंबर तक चलाया जा रहा मध्यस्थता राष्ट्र के लिए नामक विशेष अभियान : कंवल कुमार

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 90 दिन (1 जुलाई से 30 सितंबर 2025) एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मध्यस्थता एक स्वैच्छिक और गोपनीय प्रक्रिया है, जहां एक तृतीय पक्ष (मध्यस्थ) विवादित पक्षों को अदालत जाए बिना आपसी सहमती से समाधान निकालने में मदद करता है। वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र में विशेष रूप से मध्यस्थता की जाती है, इसका उद्देश्य आम नागरिकों, संस्थानों और न्यायपालिका को सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि इस मध्यस्थता प्रणाली के तहत दो पक्ष आपसी सहमति से एक निष्पक्ष मध्यस्थ की मदद से विवाद को सुलझाते हैं। अभियान का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम करना, त्वरित और सौहार्दपूर्ण विवाद समाधान को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के मामले, घरेलू हिंसा(गैर-आपराधिक पहलु), चैक बाउंस मामले, व्यवसायिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली मामले, विभाजन और बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले आदि मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। मध्यस्थता न सिर्फ न्याय को सरल बनाती है, बल्कि संबंधों को भी जोड़ती है। अगर विवाद को समझदारी से सुलझाना है, तो अदालत नहीं, मध्यस्थता सबसे बेहतर रास्ता है। मध्यस्थता केंद्रों का लाभ उठाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला मध्यस्थता केंद्र तथा उस अदालत में जाएं जहां मुकदमा लंबित है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि रा. मा. संस्कृति प्राथमिक पाठशाला कैथल नंबर-5 में एक पद मिड-डे-मील कुक कम हैल्पर रिक्त है। इस संदर्भ में आप सभी को सूचित किया जाता है कि इच्छुक आवेदक 12 अगस्त तक आवेदन कर सकता है। अर्थात संस्था/स्कूल ने आवेदन की अंतिम तिथि दी है।
अंतिम तिथि 12.08.2025
नोटः-विभागीय द्वारा दी गई हिदायतों और नियमों/शर्तों की पालना करते हुए ही रिक्त पद को भरा जाएगा।

हस्ता/-मुख्याध्यापक
जी.एम.एस.पी.एस
कैथल नंबर-5 (13647)

डॉ.विवेक गर्ग नारायण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख ने ली बैठक

# राष्ट्रीय स्तर पर सभी शहरों में होगा नारायण सेवा संस्थान की सेवाओं का विस्तार

*बैठक में समाज संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया*

- दुर्गा कुच्छल कैथल के नए शाखा संयोजक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डा. विवेक गर्ग सदस्यों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारायण सेवा संस्थान उदयपुर में संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के साथ शाखा कैथल के सदस्यों की एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में शाखा कैथल संयोजक डॉ विवेक गर्ग एवं सहसंयोजक दुर्गा कुच्छल उपस्थित रहे। पिछले कुछ वर्षों से /"कुआं प्यासे के पास/" की मुहिम पर कार्य करते हुए नारायण सेवा संस्थान देश के अलग अलग शहरों में जाकर दिव्यांग बंधुओं के लिए कृत्रिम अंग शिविर लगा रही है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए और शाखा कैथल के सेवा कार्यों को देखते हुए संस्थान के अध्यक प्रशांत अग्रवाल ने डॉ विवेक गर्ग को संपूर्ण भारत की सभी शाखाओं का प्रमुख घोषित किया।

डॉ विवेक गर्ग की समाज एवं दिव्यांग बंधुओं के प्रति सेवा भावना, कार्य करने की निष्ठा और निरंतरता को देखते हुए संस्थान ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया। इस फैसले से संस्थान का उद्देश्य है कि इन सेवाओं को अलग अलग शहरों/स्थानों में शाखाओं का विस्तार करके वहां पर ही जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि दुःखी, जरूरतमंद लोगों को उदयपुर तक न जाना पड़े।

### दी जानकारी

आज नारायण सेवा केंद्र कैथल में हुई एक प्रेस वार्ता में डॉ विवेक गर्ग ने कहा कि संस्थान द्वारा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की जो जिम्मेदारी सौंपी है उसके लिए वो संस्थान के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी मानव एवं अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल जी का धन्यवाद करते हैं उन्हें दी गई इस जिम्मेदारी पर वो पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे ताकि संस्थान की निस्वार्थ सेवाओं को जन जन तक पहुंचाया जा सके। इसके लिए जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर टीमें बनाई जाएंगी, जो अपने अपने क्षेत्रों में सेवा कार्य कर सके। उन्होंने इस अवसर पर सेवाभावी लोगों को इस मुहिम से जुड़ने का भी आह्वान किया और कहा कि अलग अलग क्षेत्रों से जो भी लोग इन सेवाओं को करना चाहता हैं तो वो जल्द से जल्द संपर्क कर सकते हैं। नव नियुक्त कैथल शाखा संयोजक दुर्गा कुच्छल ने संस्थान का यह जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि शाखा कैथल के सदस्यों और सभी दानवीर भामाशाहों के सहयोग से वो कैथल में इन सेवाओं को और आगे तक लेकर जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने किया निरीक्षण

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव मे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य निरीक्षक मुख्तयार सिंह और शान देवी के नेतृत्व में पूरे गांव का दौरा किया। जिसमें छह टीमों का गठन किया गया व सभी टीमों ने घर-घर जाकर कूलर, टंकी, हौदी, फ्रिज, गमले, टायर आदि के पानी मे लार्वा की जांच की और लार्वा मिलने पर परिवारों को चेतावनी दी तथा लार्वा को मौके पर ही नष्ट किया।

### सर्वसम्मति से मनोज शर्मा बने चेयरमैन

**अलेवा।** सब यूनिट नगूरां कार्यकारिणी की बैठक सब डिविजन में हुई है। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र सिंह व संचालन संदीप किठाना ने किया। सर्वसम्मति से मनोज शर्मा को चेयरमैन बनाया गया। प्रधान ने बताया कि मिटिंग के बाद प्रदेश उप प्रधान राजा शामदों तथा बलवान ढिल्लों के नेतृत्व में बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार के साथ मुलाकात की।

### रंगोली में वंदना प्रथम और तमन्ना द्वितीय

**अलेवा।** राजकीय कॉलेज अलेवा में महत्वपूर्ण दिवस आयोजक समिति व एनएसएस के हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता हुई प्राचार्या वीना बहल ने सभी प्रतिभागियों व विजेता को 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में वंदना ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय तथा तन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### कुरुक्षेत्र में 17 को सीएम नायब सैनी की रैली

**उचाना।** उचाना मंडी के रजबाहा रोड पर स्थित विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला में हलका उचाना के पांचाल समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुरुक्षेत्र पांचाल धर्मशाला के प्रधान साहब सिंह पटवा, विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला पांडू पिंडारा के प्रधान बंटी दालमवाला, सुधीर पांचाल और माण गुलाब पांचाल पानीपत शामिल हुए। बैठक का संचालन पूर्व एमसी रामदिया पांचाल ने किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाले होंगे सम्मानित

**जींद।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को देशभक्ति की भावना के साथ भव्य तरीके से स्थानीय रामलीला मैदान में मनाया जाएगा। प्रशासन अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य तथा जिला व उपमंडल स्तर पर शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व अन्य को सम्मानित करेगा।

### समय के साथ बदल रहे रक्षाबंधन पर्व के मायने

**कैथल।** भारत विविधताओं धर्म जातियों व भाषाओं का देश है। ऐतिहासिकता को समेटे हुए पर्व त्यौहार आते हैं। सभी की अपनी अपनी गरिमा है। इन्हीं पर्वों में से एक है रक्षाबंधन। पर्व 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। यह आज से ही नहीं बल्कि सैकड़ो वर्षों से चला आ रहा है। अब समय के साथ इसके मायने बदल गए हैं।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत किया जागरूक

**राजौंद।** गांव खेड़ी सिंबल वाली में एक अगस्त से 7 अगस्त तक मनाए जा रहे विशव स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं को स्तनपान के महत्व की जानकारी दी गई। इसमें सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बताया कि मां का दूध सेहत के लिए अत्यधिक आवश्यक हैं।

### अनाजमंडी में 15 लाख में बनेगा हाइटैक शौचायल

**जुलाना।** पुरानी अनाजमंडी में 15 लाख रुपये की लागत से हाइटैक शौचायल बनाया जाएगा। शौचायल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शौचालय बनने से कस्बे के दुकानदारों और मंडी में आने वाले ग्राहकों को काफी फायदा होगा।

---

### बोले: घर के नजदीक मिलेगा युवाओं को रोजगार

# आईएमटी की घोषणा से लोगों में खुशी

**पटाखे बजाकर किया स्वागत, छह गांव शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

सोनीपत जिले के खरखौदा के बाद बनने वाली सबसे बड़ी आईएमटी (इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप) की घोषणा से उचाना हलके के लोगों में खुशी का माहौल है। उचाना के नगूरां गांव सहित हलके के छह गांवों में आईएमटी की घोषणा के बाद लोगों ने पटाखे बजाकर इसका स्वागत किया। जितेन्द्र, नरेश, राजा, तोशा और पारस ने बताया कि हरियाणा में बनने वाली पांच नई आईएमटी में से जींद जिले में सबसे बड़ी आईएमटी स्थापित की जाएगी। इस आईएमटी में उचाना हलके के छह गांव शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे हलके के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। अभी तक हलके में कोई बड़ी इंडस्ट्री नहीं है जहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल सके। इस आईएमटी के बनने से जो युवा रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाते हैंए उन्हें अपने घर के नजदीक ही काम मिल सकेगा। प्रदीप, देबी, अमन, सुरेश, पालाराम और करन सिंह ने कहा कि उचाना हलके से कई मंत्री रहे हैं जो बड़े पदों पर पहुंचे। लेकिन उचाना हलके का विकास नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि उचाना की राजनीति पर पूरे हरियाणा की नजर रहती है लेकिन रोजगार के मामले में हलका काफी पिछड़ा हुआ है। इस बार उचाना से एक आम घर से जनता ने विधायक चुना है जो लोगों के बीच रहता है और उनकी समस्याओं को सुनता है। उचाना विधायक देवेंद्र अत्री का नौ महीने का कार्यकाल पिछले 50 सालों से बन रहे मंत्रियों के कार्यकाल से बेहतर रहा है। विधायक देवेंद्र अत्री इससे पहले भी विधानसभा में आईएमटी के लिए आवाज उठा चुके थे। अब उनकी वह आवाज बुलंद हुई है और यहां आईएमटी की घोषणा हो गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार घोषणाएं कर रही है। चाहे सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षाएं हों या फिर प्राइवेट सेक्टर में रोजगारए सरकार का इस बार युवाओं की तरफ ध्यान बढ़ रहा है।



उचाना। आईएमटी की घोषणा के बाद आतिशबाजी कर खुशी जाहिर करते हुए।

#### जिले में रोजगार के साथ व्यापार भी बढ़ेगा

विधायक ने बताया कि हलके की छह गांव आईएमटी के चुने गए हैं। इसे न केवल हजारों युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न होंगे बल्कि व्यापार भी उचाना हलके में बढ़ेगा। आने वाले समय में दिल्ली गुडगांव जैसी कंपनियां जिले में होगी तो दूरदराज जाने वाले युवाओं को अपने घरों के नजदीक रोजगार मिलेगा। व्यापार के नए आयाम स्थापित होंगे वह हजारों दुकानदार भी यहां व्यापार करेंगे। हरियाणा में पांच जगह बनने वाली आईएमटी से हरियाणा जीडीपी में भी बढ़ावा मिलेगा।

#### बांगर की राजनीति, विधायक की धुआंधार बैटिंग

**उचाना।** बांगर की राजनीति जमीन पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शुरूआत में ही धुआंधार बैटिंग करनी शुरू कर दी है। आईएमटी की घोषणा करवा कर मास्टर स्ट्रोक खेलने का काम विधायक ने किया है। जिस घोषणा का कई सालों से बेरोजगार इंतजार कर रहे थे उनके इंतजार को खत्म करने का काम किया है। युवाओं के लिए विधायक नायाब साबित हो रहे है। पहले करीब नौ महीनों के कार्यालय में वो बीते 50 सालों पर भारी पड़ रहे है। किसानों की भी इससे बल्ले होगी। किसानों के जमीन के भाव बाजार भाव के मिलेंगे। 31 अगस्त तक किसान जमीन देने को लेकर आवेदन कर सकते है। पांच जिलों में आईएमटी बनाने की कवायद सरकार ने शुरू की है। सोनीपत के खरखौदा में 8500 एकड़ से अधिक में सबसे बड़ी आईएमटी है। खरखौदा के बाद जींद में सबसे बड़ी आईएमटी बनाने की घोषणा की है। 12 हजार एकड़ जमीन में बननी है। आईएमटी की घोषणा से युवा वर्ग उत्साहित है व रोजगार में मील का पत्थर आईएमटी साबित होगी। 152.डी एवं जम्मू-कटरा एक्सप्रेस के पास ये आईएमटी बनेगी। उचाना हलके के अलेवा, नगूरां, खांडा, हसनपुर, गोहियां, दिल्लूवाला गांव इस परियोजना में शामिल है। 12 गांव में से छह गांव उचाना हलके के शामिल किए गए है।



विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

- आईएमटी की घोषणा करवा कर देवेंद्र चतरभुज अत्री ने खेला मास्टर स्ट्रोक
- युवाओं के लिए नायाब बने भाजपा विधायक
- किसानों की होगी बल्ले, जमीन के मिलेंगे बाजार भाव

#### हर वायदा करूंगा पूराः अत्री

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि उचाना हलके के मतदाताओं से किया हर वायदा पूरा करूंगा। आईएमटी की घोषणा हलके के लिए सीएम सैनी की बड़ी सौगात है। उचाना में सरकारी कालेज, पार्क, ढाकल हैड से रजबाहा लाने सहित हर वायदे को पूरा करने का काम करेंगे। आज जो भी हूं वो उचाना हलके के लोगों की देन है।

#### पहले के नेता करते थे सिर्फ बातें, वायदे

युवा मनोज, सुनील, राजेंद्र, सुरेश ने कहा कि पहले के नेता सिर्फ वायदे, बाते करते थे उन पर काम नहीं करते थे। उचाना के युवाओं के लिए बड़ी घोषणा रोजगार के क्षेत्र में करवाने का काम विधायक ने किया है। किसानों को भी आईएमटी बनने का फायदा होगा क्योंकि उन्हें जमीन के भाव उनकी मर्जी से बाजार भाव मिलेंगे। आईएमटी बनने के बाद जमीन के भावों में तेजी आएगी। यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दूर जाना पड़ता था। यहां पर आईएमटी बनने के बाद उचाना हलके से बेरोजगारी समाप्त होगी। जो घोषणा हुई है उस पर तेजी से काम शुरू हो ताकि युवाओं को फायदा रोजगार के रूप में हो। युवाओं के लिए किसी ने कुछ नहीं किया। पहली बार ऐसा विधायक मिला है जो बिना वायदा कर हर किसी के हित के लिए कार्य कर रहा है।

---



राजौंद। विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# खंड के खेलों में छाए न्यू टगौर स्कूल के खिलाड़ी

- खो-खो के दोनों वर्गों के स्कूल की लड़कियां प्रथम।

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में न्यू टैगोर सी. सै. स्कूल किठाना के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। अंडर 14 में लड़कियों ने खो- खो प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त किया,अंडर-19 में खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व अंशु ने हाई जम्प व लोग जम्प में पहला स्थान हासिल किया इसके अलावा साक्षी ने 100 व 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया, ईशा ने 400 मीटर रेस व 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर 19 में प्रीति ने 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान व 300 मीटर रेस में द्वितिय स्थान प्राप्त किया। लड़कों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले योगेश ने 100 मीटर रेस में व मांशु ने 200 मीटर रेस व लोग जम्प में पहला स्थान प्राप्त किया। सार्थक ने डिस्कस थ्रो व शाट पुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मोहित ने अंडर-19 में 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान व 1500 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया, अश्मि ने 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान पाया, नीतु ने 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह रिले रेस में अंडर 19 में दुसरा स्थान प्राप्त किया, अजय ने 800 मीटर रेस में दूसरा स्थान,अनुज ने 3000 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त किया,सुमित ने 1500 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। दीपांशु ने अंडर 17 में हाई जम्प में तीसरा स्थान प्राप्त किया व तीसरे दिन लड़कियों ने अंडर-14 में प्रथम स्थान प्राप्त करके बाजी मारी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक हरपाल सिंह ढांडा,अशोक ढांडा तथा प्रधानाचार्य अरविन्द शर्मा, पी टी आई अक्षय कुमार,मंदीप कुमार तथा सहयोगी स्कूल स्टाफ ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

---

# भवन मजदूरों ने किया प्रदर्शन

- प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना



जुलाना। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मजदूर। *फोटो: हरिभूमि*

जुलाना कस्बे के लेबर शेड पर भवन निर्माण कामगार यूनियन के मजदूरों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान सुभाष पांचाल ने की। मजदूरों को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन के महासचिव कामरेड सुखबीर व सीटू नेता कामरेड रमेश ने बताया कि 10 जुलाई को प्रदेश के कल्याण बोर्ड ने श्रम मंत्री अनिल विज की सिफारिश पर निर्माण मजदूरों के तमाम कार्य पर यह कहकर रोक लगा दी कि कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार फैला हुआ है जो पंजीकरण करवाने, काम की तस्दीक करवाने, सुविधा राशि जारी करवाने में उजागर हुआ है। इस प्रकार का फैसला बेहद शर्मिंदगी भरा हैं और मजदूर विरोधी हैं जिसे यूनियन किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी। खंड उप प्रधान सुल्तान जांगड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बजाए मजदूरों को बलि का बकरा बना रही है। मजदूरों के तीन-तीन महीनों से सुविधा के आवेदन 100 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं लेकिन जांच के नाम पर अस्थाई रोक लगा दी है।

# एथलेटिक्स और योग में जीते 23 पदक

- डीएवी स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों ने मधुबन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पूंडरी। एथलेटिक्स मीट व योगा प्रतियोगिता में डी.ए.वी. स्कूल के अव्वल खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

मधुबन में आयोजित एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पूंडरी के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की बालक-बालिका श्रेणियों में खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका कोमल ने जानकारी देते हुए बताया कि कड़े मुकाबलों के बावजूद डी.ए.वी. पूंडरी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर अपने जज़्बे और मेहनत का लोहा मनवाया।

वहीं डी.ए.वी. क्लस्टर स्तरीय अंडर-14 आयुवर्ग योगा प्रतियोगिता में भी स्कूल की योग प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट योग कौशल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगा टीम की इस शानदार सफलता ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना बख्शी ने विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी डीएवी पूंडरी के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराएंगे। इस अवसर पर शारीरिक प्राध्यापक सुशील कुमार, कोमल, दिलबाग व अमित वालिया भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।

---



### रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम व रक्षा के संकल्प का प्रतीक

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र पर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में असंध सेवाकेंद्र प्रभारी आदरणीय राजयोगिनी उषा दीदी व ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी विषेश रुप से मौजूद रही। इस दौरान भाग्यविधाता फिल्म भी दिखाई गई और उषा दीदी ने रक्षाबंधन के महत्त्व को बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पारिवारिक पर्व न होकर एक आत्मिक जागृति का उत्सव है। उन्होंने बताया कि रक्षा सूत्र का तात्पर्य स्वयं को आत्मा समझकर पांच विकारों से रक्षा करना और परमात्मा से सच्चा संबंध जोड़ना है। उन्होंने कहा की आज हर व्यक्ति को खुद का रक्षण करना होगा विकारों से बुराइयों से। इसके लिए स्वयं के स्वरूप में टिके और आत्मिक स्मृति का तिलक लगाए।

# फिजिकल काउंसलिंग से दाखिला प्रक्रिया जारी

- राजकीय महिला कॉलेज कलायत 12 .30 तक ले सकते हैं दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में फिजिकल काउंसलिंग से दाख़िला प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील गर्ग ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष, बी.कॉम प्रथम वर्ष एम ए अंग्रेजी व एम कॉम प्रथम वर्ष में ओपन फिजिकल काउंसलिंग से दाख़िला प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि बीए ,बी.कॉम, एमए अंग्रेजी तथा एम कॉम प्रथम वर्ष में दाख़िला लेने की इच्छुक छात्राएँ अपने मूल दस्तावेजों सहित सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक दाख़िला कमेटी के सामने उपस्थित होकर दाख़िला ले सकती है। उन्होंने बताया कि जिन छात्राओं ने अभी तक फ़ार्म नहीं भरा है वे ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर जाकर अपना फॉर्म भर सकती हैं ।स्नातक कक्षाओं में दाख़िला लेने की अंतिम तिथि 28 अगस्त 2025 है तथा एम ए अंग्रेज़ी व एम कॉम प्रथम वर्ष में सौ रुपये लेट फीस के साथ 12 अगस्त तक दाखिला ले सकती हैं।

# सांच स्कूल में भाविप ने लगाए पौधे

- विद्यार्थियों को दिलवाई पौधों की देखभाल करने की शपथ।

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

भारत विकास परिषद फतेहपुर पूंडरी शाखा द्वारा गांव सांच के गवर्नमेंट स्कूल में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच लाभ सिंह जांबा ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत कुल 20 पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने की, जबकि पर्यावरण उपाध्यक्ष नवीन टाया, महिला सयोजीका निधि




पूंडरी। गांव सांच में पौधरोपण करते हुए भाविप सदस्य।

मोहन, नरेश शर्मा, पूर्व ब्लॉक समिति अध्यक्ष अशोक मैहला व एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल के अध्यक्ष नीरज कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राम युवा क्लब सांच के सदस्यों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। सरपंच लाभ सिंह जांबा ने अपने संबोधन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया और लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल करे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने स्कूल परिसर में पौधे रोपित किए और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने कहा कि भारत विकास परिषद का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और समाज के हर वर्ग को इस मुहिम में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

---

# औचक निरीक्षण को नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे सीजेएम

- नशा मुक्ति अभियान से जुड़ कर करें नशे पर वार : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सीजेएम मोनिका ने गुरूवार को को नागरिक अस्पताल में बने नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने नशे की परिभाषा से लेकर, उसके प्रकार, प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशे के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अधिनियम के तहत होने वाले अपराध स्क्षेय और अमानवीय होते हैं। इसमें कठोर दंड के प्रावधान हैं। नशे को मनुष्य के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में पांच उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली व रहन सहन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इनकी देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा स्वास्थ्य से संबंधित कोई लापरवाही ना की जाए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नालसा पोर्टल नालसाडॉटजीओ डॉट इन को और राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। उनसे संपर्क कर संबंधित व्यक्ति किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त की।

### पूरे माह पूजा न करने पर भी अंत में किए उपायों से मिलेगा पूरा फल

# सावन में शिव की भक्ति व तप का विशेष महत्व

- बेलपत्र और धतूरा भगवान भोले नाथ को सबसे अधिक प्रिय, 3 पतों वाला बेलपत्र ही पूजा के लिए माना गया है शुद्धः राजू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

आगामी नौ अगस्त रक्षाबंधन से सावन माह की समाप्ति होने जा रही है। इस दिन सावन माह की पूर्णिमा तिथि है। सावन का महीना हिंदू धर्म में भगवान शिव की भक्ति और तप के लिए विशेष महत्व रखता है। यह समय आध्यात्मिक शुद्धि और शिव कृपा प्राप्त करने का सबसे अच्छा अवसर होता है। शास्त्रों के अनुसार अगर आप पूरे सावन भर किसी कारण से पूजन नहीं कर पाएं है तो सावन के अंतिम दिन कुछ उपाय करने से पूरे महीने की पूजा के समान फल मिलेगा।



उचाना। उचाना कलां के प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर में पूजा .अर्चना करते श्रद्धालु।

#### तीन से अधिक पत्ती वाला बेलपत्र करें अर्पित

उचाना कलां के प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर पुजारी राजू शर्मा ने कहा कि शिव पुराण के अनुसार बेलपत्र और धतूरा भगवान शिव को अत्यंत प्रिय हैं। तीन से अधिक पत्ती वाला बेलपत्र बेहद ही शुभ माना गया है। चार या पांच पत्ती वाले बेलपत्र अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। सावन के अंतिम दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और शिव मंदिर जाएं। वहां शिवलिंग पर गंगाजल, दूध और शहद के मिश्रण (पंचामृत) से अभिषेक करें। इसके बाद तीन से अधिक पत्ती वाला बेलपत्र उनको अर्पित कर दें और ओम नमःशिवाय मंत्र का 108 बार जाप करें।

#### पीले कनेर के फूल की पूजा का विशेष महत्व

पुजारी ने कहा कि शिव पुराण और ज्योतिष ग्रंथों में कनेर के फूल को भगवान शिव के प्रिय पुष्पों में गिना गया है। पीले कनेर का फूल भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने और सूर्य ग्रह को मजबूत करने में सहायक माना जाता है। सावन के अंतिम दिन शिवलिंग पर चंदन मिश्रित जल से अभिषेक करें। इसके बाद पीले कनेर के फूल और चने की दाल अर्पित करें। सूर्याय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। पूजा के बाद मंदिर में बैठ कर शिव चालीसा का पाठ करें। यह उपाय आत्मविश्वास और मान-सम्मान में वृद्धि करता है।